# यूपी में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने को करार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) के साथ मिलकर 'इंडिगो' विश्व के अन्य हिस्सों से यूपी की एयर कनेक्टिविटी के विकास और विस्तार के लिए काम करेगा। करार के तहत दोनों एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्री सुविधाओं को कैसे बेहतर किया जा सकता है इस क्षेत्र में इनोवेशन करेंगे।

नई दिल्ली में शुक्रवार को दोनों के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। इस मौके पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ एस. और इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स उपस्थित थे।

## नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान के लिए एयरलाइन तय

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से पहली फ्लाइट इंडिगो एयरलाइन की उड़ेगी। पहले दिन 65 विमान उड़ान भरेंगे। इसके लिए शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ इंडिगो ने एमओयू किया है। दोनों मिलकर विकास की दिशा में काम करेंगे और उत्तर प्रदेश के अंदर और बाहर एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और इंडिगो एयरलाइन के बीच शुक्रवार को सिमझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ ने कहा कि इंडिगो के साथ हुए इस करार से हम उत्साहित हैं।

हम लोग सिर्फ एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि यात्रियों की सुविधाओं व सहुलियतों को उनके मुताबिक दिए जाने के क्षेत्र में भी काम करेंगे। यात्रियों को सफर के अनुभव को बेहतर बनाने का काम करेंगे। इंडिगो के सीईओ ने कहा कि हम इस एयरपोर्ट के 2024 में होने वाले उद्घाटन को देख रहे हैं।